






# पराग का धमाका, राजस्थान का बड़ा स्कोर

## स्टार्क के 3 विकेट, फिर भी नहीं रुका राजस्थान का रन-तूफान

**जयपुर, 1 मई. आईपीएल 2026 के 43वें मुकाबले में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने धमाकेदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के सामने जीत के लिए 226 रनों का विशाल लक्ष्य रखा. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाए और मुकाबले पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली.**



राजस्थान की इस शानदार पारी के हीरो कप्तान रियान पराग रहे, जिन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंदों पर 90 रन ठोके. हालांकि वह शतक से चूक गए, लेकिन उनकी पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया. पराग ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाए और पूरे मैच में दिल्ली के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा. शुरुआत में टीम को झटका जरूर लगा जब यशस्वी जायसवाल पहले ही ओवर में मिचेल स्टार्क का शिकार बने, लेकिन इसके बाद पराग ने पारी को संभाल लिया. दूसरे छोर से ध्रुव जुरेल ने भी शानदार सहयोग दिया. जुरेल ने 30 गेंदों में 42 रन बनाए और कप्तान पराग के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 100 से ज्यादा रनों की साझेदारी की. इस साझेदारी ने राजस्थान की पारी को स्थिरता दी और रन गति को भी बनाए रखा. पावरप्ले में शुरुआती झटकों के बावजूद टीम ने तेजी से वापसी की और मध्य ओवरों में रन बटोरने का सिलसिला जारी रखा. मध्यक्रम में रवींद्र जडेजा ने भी छोटी लेकिन उपयोगी पारी खेली. उन्होंने 14 गेंदों में 20 रन बनाए, हालांकि उन्हें मिचेल स्टार्क ने आउट कर दिया. स्टार्क दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लेकर टीम को कुछ राहत दिलाई. उन्होंने अपने चार ओवरों में तीन विकेट झटके, लेकिन बाकी गेंदबाज राजस्थान के बल्लेबाजों के सामने बेअसर नजर आए.

पारी के अंतिम ओवरों में डोनोवन फरेरा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख पूरी तरह राजस्थान के पक्ष में कर दिया. फरेरा ने सिर्फ 14 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए, जिसमें दो चौके और चार छक्के शामिल रहे. उनकी इस विस्फोटक पारी ने राजस्थान के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया और दिल्ली के लिए लक्ष्य को बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया.

### राजस्थान ने उठाया फायदा

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की बात करें तो मिचेल स्टार्क के अलावा कोई भी गेंदबाज खास प्रभाव नहीं छोड़ पाया. अक्षर पटेल ने एक विकेट जरूर लिया, लेकिन रन गति पर अंकुश लगाने में असफल रहे. काइल जैमीसन ने भी शुरुआती सफलता दिलाई, लेकिन बाद में वह भी महंगे साबित हुए. टीम की फील्डिंग भी औसत रही, जिसका फायदा राजस्थान के बल्लेबाजों ने भरपूर उठाया. राजस्थान की बल्लेबाजी की खास बात यह रही कि टीम ने हर चरण में आक्रामक रुख अपनाया. शुरुआती झटकों के बावजूद बल्लेबाजों ने दबाव में आने के बजाय रन बनाने का सिलसिला जारी रखा. कप्तान पराग की परिपक्व पारी और अंत में फरेरा की फिनिशिंग ने टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचाया. अब दिल्ली कैपिटल्स के सामने 226 रनों का कठिन लक्ष्य है. टीम पहले ही लगातार दो हार झेल चुकी है और ऐसे में इस मुकाबले में जीत हासिल करना उसके लिए बेहद जरूरी है. बल्लेबाजी में टीम को मजबूत शुरुआत की जरूरत होगी और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को जिम्मेदारी उठानी होगी. दूसरी ओर, राजस्थान के गेंदबाज इस बड़े स्कोर का बचाव करने के लिए पूरी तरह आत्मविश्वास से भरे नजर आएंगे.

# चेपक में मुंबई इंडियंस की आखिरी उम्मीद जिंदा

**चेन्नई, 01 मई. आईपीएल 2026 के 44वें मुकाबले में एक बार फिर क्रिकेट के सबसे चर्चित और ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्वियों में शामिल चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस आमने-सामने होंगे. चेपक स्टेडियम में खेले जाने वाला यह मुकाबला न सिर्फ अंक तालिका के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि दोनों टीमों के आत्मविश्वास और प्लेऑफ की दौड़ पर भी गहरा असर डाल सकता है.**


एक ओर जहां चेन्नई सुपर किंग्स अपने घरेलू मैदान पर जीत दर्ज कर अपनी स्थिति को मजबूत करने और प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने की कोशिश करेगी, वहीं दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के लिए यह मैच 'करो या मरो' जैसा बन चुका है. लगातार हारों से जूझ रही मुंबई के लिए यह मुकाबला टूर्नामेंट में अपनी आखिरी उम्मीदों को बनाए रखने का अवसर है. पिच और परिस्थितियों को देखते हुए चेपक में हमेशा स्पिन गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिलता है. ऐसे में मुंबई के शीर्ष और मध्य क्रम को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या की फॉर्म और स्पिन के खिलाफ उनका प्रदर्शन रहेगा.

> मुंबई इंडियंस ने इस सीजन में अब तक आठ में से छह मुकाबले गंवाए हैं, जिससे उनकी स्थिति बेहद नाजुक हो गई है. अगर उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना है तो अब हर मैच में जीत जरूरी हो गई है. दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स ने आठ मैचों में तीन जीत हासिल कर छह अंक जुटाए हैं और वह अंक तालिका में छठे स्थान पर बनी हुई है. ऐसे में यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए अलग-अलग कारणों से बेहद अहम हो गया है.

### एक नजर में

## इस सीजन के आखिर में टेनिस खिलाड़ी निशिकोरी केई लेंगे संन्यास

**टोक्यो.** ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले एशियाई पुरुष और रियो ओलंपिक 2016 के कांस्य पदक विजेता जापान के निशिकोरी केई ने इस सीजन के आखिर में टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की है. 36 साल के निशिकोरी केई ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर जापानी और इंग्लिश में लिखा, 'आज, मैं एक घोषणा कर रहा हूं. मैंने इस सीजन के आखिर में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है.' उन्होंने कहा, 'जब मैं बच्चा था, तब से मुझे टेनिस का जुनून रहा है और मैंने अपने दिल में सिर्फ एक सपना लेकर इसे जारी रखा है 'मैं वर्ल्ड स्टेज पर मुकाबला करना चाहता हूं. एटीपी टूर तक पहुंचना, सबसे ऊंचे स्तर के मुकाबले में खेलना और टॉप 10 में अपनी मौजूदगी बनाए रखना, ऐसी चीज है जिस पर मुझे बहुत गर्व है. चाहे जीत हो या हार, खचाखच भरे एरीना में मुझे जो खास माहौल महसूस हुआ, उसकी जगह कोई नहीं ले सकता.' निशिकोरी ने पहली बार पांच साल की उम्र में रैकेट उठाया था, और 13 साल की उम्र में .स्. चले गए. उन्होंने फरवरी 2008 में डेलरे बीच ओपन में टूर पर अपना पहला खिताब जीता.



## टेबल टेनिस चैंपिशिप में स्टेज 2 में पहुंचा भारत

**लंदन.** भारत की पुरुष और महिला टीमें अपने-अपने स्टेज 1 ग्रुप में जीत के साथ शीर्ष पर रहने के बाद आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के स्टेज 2 में पहुंच गई. गुरुवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने रवांडा को 3-0 से हराया, जबकि पुरुषों ने ओवीओ एरिना वेम्बली में ग्वाटेमाला को हराया.



इससे पहले, भारतीय महिलाओं ने युगांडा के खिलाफ वॉकओवर के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर अपने दूसरे मुकाबले में यूक्रेन को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 6 में शीर्ष पर रहीं. दूसरी ओर, भारतीय पुरुष टीम ने अपने पहले मुकाबले में ट्यूनीशिया को 3-0 से हराया और फिर दूसरे मुकाबले में स्लोवाकिया को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 7 में शीर्ष पर रहीं. वर्ल्ड नंबर 48 और ओलंपियन मनिका बत्रा ने भारतीय महिला टीम के लिए शुरुआत की, उन्होंने चैंटल हिरवा को 3-0 (11-3, 11-3, 11-3) से आसानी से हरा दिया. इसके बाद दिया चिताले ने एलेविन टुमुकुंडे को 3-0 (11-2, 11-1, 11-3) से हराया, जिसके बाद सिंड्रेला दास ने एक और आसान 3-0 (11-2, 11-6, 11-2) जीत के साथ मैच अपने नाम कर लिया.



## पीजीडीएवी कॉलेज ने टी20 डे-नाईट टूर्नामेंट का खिताब जीता

**नयी दिल्ली.** 'मैन ऑफ द मैच' यश डबास (91, 36 गेंद, 6म4,10म6) की शानदार बल्लेबाजी और प्रणित (4-1-28-4) की घातक गेंदबाजी की मदद से मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज ने तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी20 डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया. पीजीडीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर दरविंदर कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार दिए. फाइनल मुकाबले में पीजीडीएवी कॉलेज ने पीजीडीएवी येलो टीम को 8 विकेट से मात दी. पीजीडीएवी येलो टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 192 रन बनाए. ध्रुव नारंग ने (102) और नैतिक यादव ने (58) रन का योगदान दिया.

# ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में भारत

### थॉमस कप 2026

**होरसेंस ( डेनमार्क ), 01 मई पूर्व चैंपियन भारत ने थॉमस कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही एक बार फिर पदक पक्का कर लिया है.**



डेनमार्क के होरसेंस में खेले गए इस क्वार्टरफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने अपने अनुभव, संयम और युवा जोश का बेहतरीन मिश्रण पेश किया और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की. अब भारत का मुकाबला फाइनल में जगह बनाने के लिए जापान और फ्रांस के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा. मैच की शुरुआत भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने की, जिन्होंने दुनिया के अनुभवी खिलाड़ी चोउ टिएन चेन के खिलाफ कड़ा संघर्ष करते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई. यह मुकाबला पूरी तरह उतार-चढ़ाव से भरा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर लगातार दबाव बनाया. पहले गेम में चोउ टिएन चेन ने वापसी करते हुए गेम अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य सेन ने शानदार मानसिक मजबूती दिखाई और दो मैच प्वाइंट बचाकर गेम पलट दिया. तीसरे गेम में सेन ने अपने आक्रामक खेल और बेहतरीन शॉट चयन से मैच पर पूरी पकड़ बना ली और भारत को पहला महत्वपूर्ण अंक दिलाया.

भारत के लिए तीसरे और निर्णायक मुकाबले में युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को समाप्त किया और टीम की 3-0 की क्लीन स्वीप जीत सुनिश्चित की.

> इसके बाद पुरुष युगल मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भारत की बढ़त को मजबूत किया. उन्होंने चीनी ताइपे की मजबूत जोड़ी चियू शियांग चिएह और वांग ची-लिन को कड़े मुकाबले में मात दी. हालांकि यह मैच आसान नहीं रहा, क्योंकि भारतीय जोड़ी को पहले गेम में गेम पॉइंट बचाना पड़ा और दूसरा गेम भी उन्होंने बेहद करीबी अंतर से गंवा दिया. लेकिन निर्णायक गेम में सात्विक और चिराग ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए खेल का स्तर ऊंचा किया और लगातार दबाव बनाकर मुकाबला अपने नाम किया.

# सायली, साइमा और हुमैरा बने आइकन प्लेयर्स

**मुंबई, 01 मई मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सायली सतघरे, साइमा ठाकोर और हुमैरा काज़ी को पहली टी20 मुंबई महिला लीग के लिए 'आइकन प्लेयर्स' के तौर पर घोषित किया है. यह इस प्रतियोगिता के पहले सीजन से पहले इसे आकार देने की दिशा में एक अहम कदम है.**



सायली 'सोबो मुंबई फाल्कन्स' का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि साइमा और हुमैरा क्रमश: 'ठाणे स्काई राइजर्स' और 'आकाश टाइगर्स' टीम में शामिल होंगी. सायली और साइमा, दोनों ही भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और इस लीग में अपना अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेकर आएंगी; वहीं, हुमैरा घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी हैं और उन्हें 'इंडिया-ए' टीम के साथ खेलने का अनुभव भी है. एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'आइकन प्लेयर्स का चयन पहली टी20 मुंबई महिला लीग के लिए एक मजबूत नींव रखता है. इस लीग की परिकल्पना एक ऐसे दीर्घकालिक मंच के रूप में की गई है, जो प्रतिभाओं को निखारे, घरेलू क्रिकेट की संरचना को मजबूत करे और भारत में महिला क्रिकेट के विकास में सार्थक योगदान दे. ये खिलाड़ी अपने साथ बेजोड़ गुणवत्ता, अनुभव और नेतृत्व क्षमता लेकर आती हैं. जिससे इस प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊँचा उठेगा और पूरे शहर की युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी.' लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन राजदीप गुप्ता ने आगे कहा, 'ये आइकन प्लेयर्स टीमों की मजबूत पहचान बनाने और एक प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी. इनकी मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि लीग की शुरुआत अनुभव और उत्साह के सही तालमेल के साथ हो, क्योंकि हमारा लक्ष्य महिला क्रिकेट के लिए एक उच्च-प्रदर्शन वाला मंच तैयार करना है.'



## 17 विकेटों के साथ पर्पल कैप भुवनेश्वर के पास

**अहमदाबाद.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ तीन विकेट लेते हुए पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है. इस सीजन में उन्होंने पांचवीं बार तीन विकेट लेने का कारनामा किया है. भुवनेश्वर कुमार ने गुरुवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही इस सीज़न उनके कुल 17 विकेट हो गए हैं. सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के ईशान मलिंगा 15 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं.



## भारतीय शॉटगन टीम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप स्टेज के लिए तैयार

**नयी दिल्ली, 01 मई भारत की 12 सदस्यीय शॉटगन टीम साल के दूसरे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ी खेल संघ वर्ल्ड कप शॉटगन स्टेज में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो कजाकिस्तान के अल्माटी में आयोजित होगा.**

टीम का आगमन शनिवार (02 मई) से शुरू होगा. इस 10 दिवसीय प्रतियोगिता में 42 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 284 एथलीट पांच ओलंपिक इवेंट्स में हिस्सा लेंगे. भारतीय टीम के आठ सदस्य रैंकिंग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) निशानेबाज़ के रूप में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे. प्रतियोगिताओं की शुरुआत सोमवार, 04 मई, 2026, से पुरुष और महिला स्कीट क्वालिफिकेशन के साथ होगी, जबकि फाइनल अगले दिन खेले जाएंगे. ट्रैप के दोनों फाइनल 9 मई को निर्धारित हैं.



## रायगढ़ में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रायगढ़.** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पुलिस विभाग द्वारा 'पुलिस यूथ यूनिटी' पहल के अंतर्गत शुक्रवार को दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ अग्रोहा भवन में किया गया. आयोजन का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को सकारात्मक मंच प्रदान करते हुए उन्हें खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से जोड़ना है. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि यह पहल कम्युनिटी पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बच्चों और युवाओं में पुलिस के प्रति विश्वास और सद्भावना विकसित करना है. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है और वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ सकते हैं. उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले ताइक्वांडो फेडरेशन, अनुभवी खिलाड़ियों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद संयुक्त प्रयासों से प्रभावशाली आयोजन संभव हो सका.

**प्रतियोगिता** अफ्रीका में होने वाली पहली विश्व एथलेटिक्स रिलेज गैबोरोन प्रतियोगिता 2 से 3 मई तक चलेगी

# भारत की टीम विश्व एथलेटिक्स रिलेज में लेगी हिस्सा



**गैबोरोन ( बोत्सवाना ) 01 मई भारत की 21 सदस्यीय टीम शनिवार को बोत्सवाना में शुरू होने वाले विश्व एथलेटिक्स रिलेज 2026 की पांच स्पर्धाओं में हिस्सा लेगी. अफ्रीका में होने वाली पहली विश्व एथलेटिक्स रिलेज गैबोरोन प्रतियोगिता दो से तीन मई तक चलेगी.**

इसमे कुल छह रिले स्पर्धाएं- पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित 4 गुणा 400 मी. और 4 गुणा 100मी. मुकाबले होंगे. यह टीम प्रतियोगिता का आठवां संस्करण है. भारत छह दौड़ से पांच में टीमें उतारेगा, जिसमें महिलाओं की 4गुणा400मी अकेली छूट होगी.पदक प्रतियोगिता के अलावा, गैबोरोन 26 दो बड़े वर्ल्ड एथलेटिक्स इवेंट्स के लिए क्वालिफाइंग स्पर्धा भी है.

दो मिश्रित रिले में से टॉप छह टीमें इस साल के आखिर में बुडापेस्ट में होने वाली पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप के लिए अपने आप क्वालिफ़ाई कर लेंगी.

वहीं, सभी छह स्पर्धाओं में से शीर्ष 12 टीमें बीजिंग, चीन में होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2027 के लिए क्वालिफ़ाई करेंगी.

> आगामी विश्व रिले में 40 फ़ेडरेशन के कुल 723 एथलीट हिस्सा लेंगे. शनिवार को, सभी छह स्पर्धा की चार हीट में से हर एक में टॉप दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी और बीजिंग में होने वाली 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालिफ़ाई करेंगी. ये टीमें रविवार को वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक और खास लेन-सीडिंग पोजीशन के लिए मुकाबला करेंगी. जो टीमें पहले दिन फाइनल कट में जगह नहीं बना पातीं, वे रविवार को एक और राउंड में दौड़ेंगी, जहाँ दोनों हीट में से हर एक में शीर्ष दो टीमें बीजिंग 2027 के लिए भी क्वालिफाई करेंगी.